पटना में फैला नकली सामान का जाल! टाइटन की नकली घड़ियों को असली बताकर महंगे कीमत पर बेचने का चल रहा था धंधा

PATNA : सावधान कहीं आपका भी टाइटन वाच नकली तो नही देख लें।राजधानी में ब्रांडेड टाइटन कंपनी के नकली रिस्ट वॉच की बड़ी खेप को पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर बरामद किया है।

दरअसल स्टार वाच दुकानदार ने टाइटन कंपनी के डुप्लीकेट घड़ियों को असेंबल कर कंपनी के असली कीमत पर बेच देता था। पुलिस की छापेमारी में दुकान से वारंटी कार्ड ,असेंबलिंग मशीन ,घड़ियों के डुप्लीकेट मशीन के साथ मो समीर मल्लिक और मो आबिद को गिरफ्तार किया है।
पुलिस इस रैकेट में शामिल अन्य की जानकारी के लिए गिरफ्तार दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल पटना के अलावे और कहां कहां इस तरह का काम चल रहा है। इसका पता लगाया जा रहा है।

Source: https://news4nation.com/news/trap-of-counterfeit-goods-spread-in-patna-there-was-a-business-going-on-to-sell-fake-titan-watches-at-expensive-prices-by-passing-them-off-as-genuine-216891